
*नेपाल ने विश्व रिकॉर्ड बनाया*

*काठमांडू, भाषा। नेपाल ने पांच हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले स्थान पर फैशन शो का अयोजन कर नेपाल ने विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इस आयोजन के जरिए नेपाल ने गिनीज विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम शामिल करवा लिया है। नेपाल पर्यटन बोर्ड की मदद से इस फैशन शो का आयोजन आर बी डायमंड एवं केएएसए स्टाइल ने किया था। इसका आयोजन 5340 मीटर (17 हजार 515 फुट) की ऊंचाई पर एवरेस्ट के आधार शिविर कालापत्थर में द माउंट एवरेस्ट फैशन रनवे का आयोजन 26 जनवरी को किया गया था।*

# विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खतरे में

**वाशिंगटन ■ भाषा**

भारत के संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को अल्पसंख्यक विरोधी करार देते हुए मेग्सायसाय पुरस्कार विजेता संदीप पांडे सहित मानवाधिकार और सामाजिक कार्यकर्ताओं के एक समूह ने दावा किया है कि 'विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खतरे में है।' सीएए पिछले साल दिसंबर में पारित किया गया था। इस विवादास्पद कानून के खिलाफ भारत के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन हो रहे हैं। धार्मिक उत्पीड़न के चलते पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए गैर मुस्लिम समुदाय के लोगों को सीएए के जरिए भारतीय नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।



कैपिटोल बिल्डिंग में 'भारत के नागरिकता कानून के प्रभाव' पर अमेरिकी कांग्रेस की एक ब्रीफिंग के दौरान सोमवार को प्रख्यात मानवाधिकार एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि 'भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खतरे में है।' पांडे ने कहा, ''कार्यकर्ता के तौर पर 27 साल काम करने के दौरान मैंने पिछले छह महीनों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शांतिपूर्वक एकत्र होने और भारत के किसी भी हिस्से में आने-जाने के मूल अधिकार पर अभूतपूर्व नियंत्रण महसूस किया है।'' उत्तर प्रदेश पुलिस ने हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर के खिलाफ कथित तौर पर अनुचित टिप्पणी करने को लेकर पिछले हफ्ते पांडे के खिलाफ मामला दर्ज किया था। उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए यह कथित टिप्पणी की थी।

पांडे ने आरोप लगाया कि (भारत की) मौजूदा सरकार उन लोगों का दुश्मन हो गई है जिन्होंने सीएए के खिलाफ प्रदर्शनों में हिस्सा लिया और जिन लोगों ने राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी क्रियान्वयन का विरोध किया। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर असम में एनआरसी की कवायद की गई। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएएससीआईआरएफ) के नीति विश्लेषक (दक्षिण एशिया) हैरिसन एकिंस ने दावा किया कि भारत में हालिया घटनाक्रमों ने न सिर्फ सरकारों एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा, बल्कि समूचे भारत के सभी धर्मों के लोगों के बीच भी बड़ी नाराजगी पैदा की है, जो सीएए के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का बहादुरी से इस्तेमाल कर रहे हैं।

भारतीय अधिकारियों ने कहा है कि सीएए देश का पूरी तरह से एक आंतरिक मामला है और संसद के दोनों सदनों में चर्चा के बाद लोकतांत्रिक माध्यमों से कानून को अंगीकार किया गया। एकिंस ने आरोप लगाया कि हाल के बरसों में भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए परिस्थितियां बदतर हुई हैं।

एमनेस्टी इंटरनेशनल अमेरिका के एशिया पैसिफिक एडवोकेसी प्रबंधक फ्रांसिस्को बेनकोस्मे ने मांग की कि भारत सरकार को सीएए रद्द करना चाहिए और प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई बंद करनी चाहिए।

# चीन में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 132 हुई

## करीब 6,000 मामलों की पुष्टि।

**बीजिंग ■ भाषा**

चीन में घातक कोरोना वायरस का कहर इस कदर बढ़ता जा रहा है कि इससे 25 और लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जिसके साथ ही इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 132 हो गई है। करीब 6,000 लोगों के इसकी चपेट में आने की भी पुष्टि की गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि वायरस संक्रमण अगले 10 दिन में चरम पर पहुंच जाएगा जिसके परिणाम स्वरूप बड़ी संख्या में लोगों की मौत होगी।

चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि वायरस संक्रमण के 5,974 मामलों की पुष्टि हो गई और वायरस की वजह से होने वाले निमोनिया के 31 नए मामले मंगलवार तक सामने आए थे। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' के अनुसार अभी तक कुल 132 लोग इस वायरस के कारण मारे गए हैं। उसने कहा कि मंगलवार तक हुबेई प्रांत में कोरोना वायरस के कारण 125 लोगों की मौत हो गई और 3,554 मामलों की पुष्टि हुई थी।

एजेंसी ने बताया कि कोरोना वायरस से पीड़ितों लोगों में से 1,239 की हालत गंभीर है और चीन में इसके 9,239 संभावित मामले सामने आए हैं।

कोरोना वायरस विषाणुओं का एक बड़ा समूह है लेकिन इनमें से केवल छह विषाणु ही लोगों को संक्रमित करते हैं। इसके सामान्य प्रभावों के चलते सर्दी-जुकाम होता है लेकिन 'सिवीयर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम' (सार्स) ऐसा कोरोनावायरस है जिसके प्रकोप से 2002-03 में चीन और हांगकांग में करीब 650 लोगों की मौत हो गई थी।

# सार समाचार

## इंडोनेशिया में बाढ़ से छह की मौत, तीन लापता

**जकार्ता, शिन्हुआ।** इंडोनेशिया के नॉर्थ सुमात्रा प्रांत में बुधवार तड़के आयी भीषण बाढ़ के कारण छह लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य लापता हो गये। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अगुस विबोवो ने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण नॉर्थ तपनौली जिले में एक नदी का तटबंध टूट गया और आसपास के इलाके पानी में डूब गये। उन्होंने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य जारी है तथा सैनिक, पुलिसकर्मी और एजेंसी के कर्मी बाढ़ प्रभावित लोगों को निकाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि तीन लापता लोगों की तलाश और बचाव के प्रयास किए जा रहे हैं। तस्वीरों में प्राकृतिक आपदा से सड़कें, मकान और बिजली आपूर्ति से जुड़े उपकरण नष्ट होते नजर आ रहे हैं। आपातकालीन राहत कार्यों के लिए मार्ग प्रशस्त करने में मदद के लिए सात दिनों का आपातकाल घोषित किया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि विस्थापितों के लिए रसद और आश्रयों की व्यवस्था की खातिर एक पद स्थापित किया गया है लेकिन वह विस्थापितों की संख्या बताने में विफल रहे क्योंकि बाढ़ के जोखिम का मूल्यांकन अब भी जारी है। मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने जनवरी से फरवरी तक संभावित भारी बारिश की चेतावनी दी है। इंडोनेशिया में भारी बारिश के दौरान अक्सर बाढ़ आती रहती है।

## अफगान सेना की कार्रवाई में दो तालिबानी कमांडर ढेर

**हेरात, शिन्हुआ।** अफगानिस्तान में पश्चिमी हेरात प्रांत के जवाल जिले में सुरक्षा बलों ने खूंखार आतंकवादी संगठन तालिबान के ठिकानों पर हवाई हमला कर उसके दो कमांडरों को ढेर कर दिया।

हेरात प्रांत के प्रवक्ता जिलानी फरहाद ने बुधवार को बताया कि खुफिया रिपोर्ट के आधार पर सुरक्षा बलों ने जवाल जिले में मंगलवार रात को लड़ाकू विमान से तालिबान के ठिकानों पर हमला किया जिसमें उसके दो कमांडर मारे गये। उन्होंने बताया कि मारे गये एक कमांडर की पहचान मुल्ला नईम उर्फ इदरिस के रूप में की गयी है जो हेरात प्रांत का प्रमुख था जबकि दूसरे कमांडर की पहचान नहीं हो सकी है। प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बलों की इस बड़ी कार्रवाई से प्रांत में तालिबान की गतिविधियों को तगड़ा झटका लगा है। तालिबान ने सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई को लेकर हालांकि अभी तक कोई टिपण्णी नहीं की है।

## हमास ने अमेरिका के शांति समझौते को खारिज किया

**मॉस्को, स्पूतनिक।** हमास ने अमेरिका द्वारा पश्चिम एशिया के लिए शांति समझौते को खारिज करने की घोषणा की है। स्थानीय न्यूज एजेंसी ने इसकी जानकारी दी। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हनिएह ने राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ एक फोन में बात करते हुए कहा है कि पश्चिम एशिया में शांति के लिए अमेरिकी योजना फिलिस्तीन की राष्ट्रीय परियोजना से छुटकारा पाने का एक प्रयास है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुसार फिलिस्तीनियों का अपना राज्य होगा, जो अपने क्षेत्र को दोगुना कर सकते हैं।

## तालिबान के हमले में 13 अफगान सैनिक मारे गए

**काबुल ■ आईएएनएस**

अफगानिस्तान के कुंदुज प्रांत में रात के समय तालिबान द्वारा किए गए हमले में कम से कम 13 सैनिक मारे गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। समाचार एजेंसी एफे के अनुसार, पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा तालिबान आतंकवादियों के एक समूह ने मंगलवार रात दश्त-ए-अर्ची जिले में सुरक्षा चौकियों पर हमला किया।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों में अधिकांश अफगान राष्ट्रीय सेना के सदस्य हताहत हुए हैं।

कुंदुज प्रांतीय परिषद के उप प्रमुख सफीउल्लाह अमीरी ने कहा कि सुरक्षा बलों के 13 सदस्य मारे गए हैं। अमीरी ने कहा, 'उनमें से 12 सैनिक और एक पुलिसकर्मी था। हमले में 12 सुरक्षाकर्मियों सहित आठ सैनिक घायल हो गए।' प्रांतीय प्रशासन के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि सेना के तीन सदस्य कई घंटों तक चली गोलाबारी के बाद लापता हो गए। उन्होंने कहा कि तालिबान को भी इस हमले में हताहत होना पड़ा, लेकिन उनकी संख्या अभी तक स्पष्ट नहीं है।

तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक बयान में हमले की जिम्मेदारी लेते हुए दावा किया कि उनके हमले के दौरान 35 सैनिक मारे गए और उन्होंने चार को पकड़ लिया। मुजाहिद ने कहा कि सुरक्षा बलों के चार बख्तरबंद वाहनों को नष्ट कर दिया गया और तालिबान लड़ाकों ने गोलाबारी के बाद दर्जनों हथियार भी जब्त किए। इस हमले से एक दिन पहले ही तालिबान द्वारा सोमवार को दावा किया गया था कि उन्होंने गजनी प्रांत में एक अमेरिकी विमान को मार गिराया।

## पाकिस्तान पर अफगानिस्तान से मोर्टार दागे गए

**इस्लामाबाद, आईएएनएस।** पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर अफगानिस्तान की ओर से पाकिस्तान पर बुधवार को दो मोर्टार दागे गए। इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता आयशा फारूकी ने एक बयान जारी कर इस हमले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की तरफ से पाकिस्तान पर दागे गए मोर्टार से कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि इस हमले के बाद सुरक्षा कारणों से तोरखम सीमा द्वार को बंद कर दिया गया है जिसे जल्द ही खोल दिया जाएगा। उन्होंने बयान में कहा है कि मामले को अफगान अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है।

## ब्रिटेन, फ्रांस, कोरिया की चीन को सहायता की पेशकश

**बीजिंग ■ स्पूतनिक**

चीन में दिन-ब-दिन तेजी से फैल रहे कोरोना वायरस के प्रकोप से लड़ने के लिए ब्रिटेन, फ्रांस और दक्षिण कोरिया ने चिकित्सीय सहायता मुहैया कराने की इच्छा व्यक्त की है। चीन में इस वायरस से संक्रमित होने के कारण अभी तक 132 लोगों की जान जा चुकी है।

चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे पहले चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने दक्षिण कोरिया, फ्रांस और ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों से कोरोना वायरस को लेकर फोन पर बातचीत की थी।

दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री कांग क्यूंग व्हा ने एक बयान में कहा," परेशानियों के समय पड़ोसी मुल्कों को एक-दूसरे की सहायता और समर्थन करना चाहिए। इस भीषण महामारी को रोकने के लिए दक्षिण कोरिया चीन की मदद करने के लिए तैयार है और जल्द से जल्द जरूरी आवश्यक चिकित्सा की आपूर्ति भी करेगा।"

ब्रिटेन के विदेश सचिव डोमिनिक राब ने भी मदद करने की इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि चीन को आवश्यक चिकित्सीय सहायता मुहैया कराने के लिए ब्रिटेन पूरी तरह से तैयार है। फ्रांस के विदेश मंत्री ने जीन यवेस ले ड्रिअन ने कहा कि इस भीषण वायरस को रोकने के लिए चीन द्वारा उठाये कदमों की फ्रांस सरकार ने सराहना की है। यवेस ले ड्रिअन ने कहा," यदि चीन को किसी भी तरह की सहायता की जरूरत होगी तो फ्रांस हर संभव सहायता करने के लिये तैयार है।" चीन में कोरोना वायरस के प्रकोप से अब तक 132 लोगों की मौत हो गयी है जबकि 5974 लोगों में यह संक्रमण पाया गया है।

## चीन ने सभी विदेशी नागरिकों को सुरक्षा का आश्वासन दिया

**बीजिंग, स्पूतनिक।** चीन ने कोरोनावायरस की महामारी से सभी विदेशी नागरिकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने दक्षिण कोरिय के विदेश मंत्री कांग क्यूंग वहा से बुधवार को बात की और उन्हें सभी विदेशी नागरिकों की सुरक्षा करने का आश्वासन दिया।

चीन के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "वांग यी ने इस बीमारी से लड़ने में मदद की पेशकश करने के लिए दक्षिण कोरिया के अपने समकक्ष को धन्यवाद कहा और इस बात पर जोर दिया कि चीन अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ जिम्मेदारी की भावना और खुलेपन के सिद्धांतों का पालन करने के साथ सहयोग को मजबूत करना जारी रखेगा।"




# गिरावट से उबरकर सेंसेक्स 232 अंक चढ़ा

**मुंबई ■ वार्ता**

बैंकिंग तथा वित्तीय कंपनियों के साथ ही आईटीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी दिग्गज कंपनियों के शेयरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार दो दिन की गिरावट से उबरते हुये आधा फीसदी से अधिक की बढ़त में बंद हुये।

बीएसई का सेंसेक्स 231.80 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 41,198.66 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 73.70 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की बढ़त में 12,129.50 अंक पर पहुँच गया। मझौली और छोटी कंपनियों भी निवेशक लिवाल रहे। बीएसई का मिडकैप 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 15,754.41 अंक पर और स्मॉलकैप 0.12 फीसदी की बढ़त में 14,840.69 अंक पर बंद हुआ।

एफएमसीजी, इंडस्ट्रियल्स और पूँजीगत वस्तुओं के समूहों के सूचकांक एक से डेढ़ फीसदी के बीच चढ़े। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस के शेयर करीब पाँच प्रतिशत और नेस्ले के करीब तीन प्रतिशत चढ़े। टीसीएस में सबसे ज्यादा करीब डेढ़ फीसदी की गिरावट रही।




सेंसेक्स 164.71 अंक की मजबूती के साथ 41,131.57 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। इसका दिवस का निचला स्तर 41,108.19 अंक और उच्चतम स्तर 41,334.86 अंक रहा। अंत में यह गत दिवस की तुलना में 231.80 अंक ऊपर 41,198.66 अंक पर रहा।

बीएसई में कुल 2,679 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,279 के शेयर बढ़त में और 1,232 के गिरावट में रहे जबकि 168 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुये।

निफ्टी 59.10 अंक चढ़कर 12,114.90 अंक पर खुला। इसका दिवस का निचला स्तर 12,103.80 अंक और उच्चतम स्तर 12,169.60 अंक रहा। अंत में यह मंगलवार के मुकाबले 73.70 अंक की बढ़त में 12,129.50 अंक पर बंद हुआ।

## मारुति का जोर पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकी पर

**नई दिल्ली, भाषा।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया का आगामी ऑटो एक्सपो में पर्यावरण अनुकूल उत्पादों पर जोर रहेगा और उसके ज्यादा से ज्यादा उत्पाद इसी प्रौद्योगिकी को अपनाये जाने पर केन्द्रित होंगे। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी केनिची आयुकावा ने बुधवार को यह बात कही।

इस साल ऑटो एक्सपो में कंपनी की ओर से पेश किए जाने वाले उत्पादों में आकर्षण का केंद्र 'कॉन्सेप्ट फ्यूचरो-ई' होगी। यह कूपे शैली की भविष्योन्मुखी इलेक्ट्रिक कार है। इस साल ऑटो एक्सपो पांच से 12 फरवरी के बीच होना है। इसके अलावा कंपनी अपनी कॉम्पैक्ट विटारा ब्रेजा का बीएस-6 मानक संस्करण भी पेश करेगी।

### बिजनेस सुर्खियां

## हीरो मोटोकार्प का बीएस6 स्कूटर लॉंच

**नई दिल्ली, वार्ता।** दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने बीएस 6 मानकों पर आधारित अपना पहला स्कूटर प्लेजर प्लस110 एफआई को लॉंच करने की घोषणा की है जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम शुरूआती कीमत 54800 रुपये है। कंपनी ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि एचएफ डीलक्स बीएस6 और स्प्लेंडर आईस्मार्ट बीएस 6 मोटरसाइकिल पेश करने के बाद अब लोकप्रिय प्लेजर प्लस स्कूटर को भी बीएस6 मानकों पर आधारित इंजन के साथ बाजार में उतारा गया है। इसके दो मॉडल उपलब्ध होंगे जिसमें सेल फ स्टार्ट शीट व हील की कीमत 54800 रुपये और सेल्फ स्टार्ट एलॉय व्हील की कीमत 56800 रुपए होगी। प्लेजर प्लस 110 बीएस 6 को जयपुर में स्थित कंपनी के आरएंडडी हब में इन-हाउस डिजाइन और विकसित किया गया है।

## होंडा ने अमेज का बीएस-छह मॉडल उतारा

**नई दिल्ली, भाषा।** होंडा कार्स इंडिया लि. (एचसीआईएल) ने अपनी प्रवेश स्तर की सेडान अमेज का भारत चरण-छह (बीएस-6) मानक अनुपालन वाला संस्करण उतारा है। दिल्ली शोरूम में इसकी कीमत 6.09 लाख से 9.55 लाख रुपये के बीच है।

इस वाहन के 1.2 लीटर पेट्रोल संस्करण का दाम 6.09 लाख और 8.75 लाख रुपये है, वहीं 1.5 लीटर के डीजल संस्करण की कीमत 7.55 लाख से 9.95 लाख रुपये है।

एचसीआईएल के उपाध्यक्ष एवं निदेशक (विपणन एवं बिक्री) राजेश गोयल ने बयान में कहा, ''होंडा भारतीय बाजार में नयी और आधुनिक पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकी लाने को प्रतिबद्ध है। हमने होंडा अमेज का बीएस-6 संस्करण पेश किया है।''

## जी-5, डिजिटल एजूकेशन प्लेटफार्म एडुआरा ने की साझेदारी की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश के अग्रणी कॉनटेक ब्रांड जी-5 ने विश्व स्तरीय ऑनलाइन शिक्षा उपलब्ध कराने के मकसद से प्रीमियर डिजिटल एजूकेशन प्लेटफार्म एडुआरा के साथ साझेदारी की घोषणा की है। जी-5 और एडुआरा ने देश के 31 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों के लिए किफायती दरों पर विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाली शिक्षा साम्रगी उपलब्ध करवाकर उन्हें लाभान्वित करने के लिए हाथ मिलाया केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' की उपस्थिति में यह समझौता हुआ। श्री निशंक ने इस मौके पर कहा कि इस दूरदर्शी कार्यक्रम के लिए जी-5 और एडुआरा को बधाई देते हैं। उन्हें यकीन है कि शिक्षा का डिजिटल परिवर्तन देश में व्यापक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगा और प्रत्येक बच्चे को शिक्षा को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इस तरह के प्रयासों से निश्चित तौर पर शिक्षा सबके लिए आसानी से उपलब्ध होगी। जी इंटरटेनमेंट लि. के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत गोयनका ने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण एवं ताकतवर स्तंभ शिक्षा ही है। एडुआरा और जी-5 की पहल किफायती मूल्य पर उद्देश्यपूर्ण सामग्री प्रदान करने का उनका यह पहला कदम है। इस साझेदारी के बड़े दूरगामी परिणाम होंगे।

## आईफोन की बिक्री में दहाई अंक की वृद्धि

**नई दिल्ली, भाषा।** आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घरेलू बाजार में आईफोन बिक्री में दहाई अंक की वृद्धि दर्ज की है। इसके अलावा आईपैड की मांग में भी बढ़त देखी गयी है। समीक्षावधि में कंपनी की वैश्विक परिचालन से आय सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 91.8 अरब डॉलर रही है। इस दौरान कंपनी को 22 अरब डॉलर का शुद्ध लाभ हुआ। यह कंपनी का अब तक का सबसे अच्छा तिमाही परिणाम है। कंपनी की कुल बिक्री में अंतराष्ट्रीय बिक्री की हिस्सेदारी 61 प्रतिशत है। इस बारे में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम कुक ने कहा, ''अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और सिंगापुर समेत कई विकसित बाजारों में हमने बिक्री में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की है।

## बजट में स्टार्टअप को गति देने के हों उपाय

**नई दिल्ली ■ वार्ता**

स्टार्टअप कंपनियों ने सरकार से आम बजट में सरलता से वित्त उपलब्धता के उपाय करने और उनके लिए विभिन्न अनुपालना को सुगम बनाने की अपील की है।

ऑनलाइन मार्केटप्लेस 'मॉल 91' के सह संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नितिन राज गुप्ता ने बजट को लेकर अपनी अपेक्षायें व्यक्त करते हुये कहा कि ई-कॉमर्स से स्थानीय युवाओं के लिए व्यापार और रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। सरकार को इसे एक बड़े अवसर के रूप में देखना चाहिये। मुद्रा योजना जैसी योजनाओं से ऋण प्राप्त करने के लिए सोशल कॉमर्स सक्षम सूक्ष्म व्यवसायों को पहचान सकती है। शिपिंग और गोदाम जैसी सेवाओं के लिए जीएसटी में छूट प्रदान करके बुनियादी लॉजिस्टिक्स की समस्या का हल करने की कोशिश करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहित किये जाने की आवश्यकता है।

ऑनलाइन टूर एवं ट्रेवल सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी क्लियरट्रिप के मुख्य वित्त अधिकारी इंद्रनील दत्त ने कहा कि पिछले एक दशक से भारत ने खुद को दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ते यात्रा बाजारों में से एक के रूप में स्थापित किया है और इस विकास के रुझानों को देखते हुए 2025 तक तीसरा सबसे बड़ा बाजार बनने की ओर अग्रसर है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि बुनियादी सुविधाओं की कमी इस उद्योग के विकास को बाधित न करे। सरकार को आगामी बजट में वैश्विक बेंचमार्क के प्रति घरेलू बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रावधान करना चाहिये। उन्होंने कहा कि विमानन उद्योग की चुनौतियों का समाधान किये जाने की भी जरूरत है। विमानन इकोसिस्टम में सभी हितधारकों में से एयरलाइन सबसे कम मार्जिन के साथ काम करती हैं। सरकार को इस क्षेत्र को भी राहत पहुंचाने पर विचार करना चाहिये।

टॉक्सिक मुक्त उत्पाद उपलब्ध कराने वाली कंपनी सुपर स्मेली की सह संस्थापक दीपाली माथुर दयाल ने कहा कि धीमी आर्थिक वृद्धि के मद्देनजर इस वर्ष एक सशक्त बजट की उम्मीद की जा रही है। बजट में व्यक्तिगत आयकर में छूट की सीमा बढ़ने के साथ ही उपभोग को बढ़ाने के उपाय होने चाहिये। कंपनियों में निचले स्तर पर सुधार को सक्षम करके और लघु उद्योगों तथा स्टार्टअप के लिए किफायती वित्त के साथ ऋण उपलब्ध कराने की सुविधा होनी चाहिये। जीएसटी के लिए उद्यमियों को भारी अनुपालन की आवश्यकता है।

## एमिरेटस का 10 प्रतिशत छूट का ऑफर

**नई दिल्ली, वार्ता।** संयुक्त अरब अमीरात की सरकारी विमान सेवा कंपनी एमिरेट्स ने लातिन अमेरिकी देशों के लिए टिकट की बुकिंग पर 10 प्रतिशत छूट की पेशकश की है। एयरलाइन ने आज बताया कि यह ऑफर 28 जनवरी से 10 फरवरी उपलब्ध है। इसके तहत 01 फरवरी से 10 नवंबर तक की यात्रा के लिए टिकट बुक कराये जा सकेंगे। लातिन अमेरिका के चुनिंदा शहरों के लिए सभी श्रेणियों के टिकटों पर यह लागू होगा। इन गंतव्यों ब्राजील, मेक्सिको, अर्जेंटीना और चिली के शहर शामिल हैं। एमिरेट्स ने बताया कि ऑफर के तहत सभी करों एवं शुल्कों समेत इकोनॉमी का श्रेणी का रिटर्न टिकट 85,007 रुपये से, बिजनेस श्रेणी का रिटर्न टिकट 2,90,852 रुपये से और फर्स्ट क्लास का रिटर्न टिकट 6,58,076 रुपये से शुरू है।

## एयर इंडिया ने रद्द की शंघाई की उड़ान

**नई दिल्ली, वार्ता।** सरकारी विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने नोवेल कोरोना वायरस के मद्देनजर चीन के शंघाई की उड़ान 31 जनवरी से रद्द करने की घोषणा की है। एयर इंडिया के प्रवक्ता धनंजय कुमार ने बुधवार को बताया कि 31 जनवरी से उड़ान संख्या एआई 348 यह उड़ान मुंबई से दिल्ली के रास्ते शंघाई के पुडोंग अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को जाती थी। वापसी की उड़ान एआई 349 भी रद्द रहेगी।

**टाइटन बायोटेक लिमिटेड**
CIN: L74999RJ1992PLC013387
पंजी. कार्यालयः ए-902ए, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी-301019
फोनः 011-47020117, 27674615
फैक्सः +91-11-47619811,
ई-मेलः cs@titanbiotechltd.com/ hrd@titanbiotechltd.com
वेबसाईट : www.titanbiotechltd.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक **बुधवार, 12 फरवरी, 2020** को कम्पनी के कॉर्पोरेट कार्यालय 903-909, 9वीं मंजिल, बिगजोस टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, नई दिल्ली 110034 में आयोजित की जाएगी जिसमें **31 दिसम्बर, 2019** को समाप्त तिमाही के लिए कम्पनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार किए जाएंगे। इसके अलावा, **30.01.2020 से 14.02.2020** तक पदनामित सदस्यों के लिए कंपनी की ट्रेडिंग विंडो बंद रहेगी।

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
स्थान : नई दिल्ली — चरनजीत सिंह
दिनांक : 29.01.2020 — (कंपनी सचिव)

**कार्यालय नगर परिषद्, भीलवाड़ा (राज.)**

क्रमांकः नपभी/निर्माण/2019-20/20682-84 — दिनांकः 24.01.2020

**ई निविदा सूचना संख्या 08/2019-20**

नगर परिषद भीलवाड़ा द्वारा निर्माण कार्यो के लिए नगर परिषद भीलवाड़ा में उपयुक्त श्रेणी में पंजिकृत एवं अन्य विभागों में 'ए' एवं 'एए' श्रेणी में पंजिकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है समस्त कार्यों के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर परिषद में पंजीबद्ध सक्षम संवेदक द्वार1/2 प्रतिशत राशि एवं अन्य विभागों में पंजीकृत संवेदक द्वारा 2 प्रतिशत राशि पृथक-पृथक रूप में डी.डी./बैंकर्स चैक आयुक्त नगर परिषद भीलवाड़ा के नाम ऑनलाईन निविदा खोलने से पूर्व परिषद में प्रस्तुत करना होगा।

| निविदा कार्यक्रम | तिथि एवं समय |
|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | 79 कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | 1234.60 लाख |
| निविदा प्रकाशन तिथि | 24.01.2020 |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि (वेबसाईट पर) | 30.01.2020 |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (वेबसाईट पर) | 10.02.2020 |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि (वेबासाईट पर) | 14.02.2020 |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | https://eproc.rajasthan.gov.in |

UBN NO. 1- DLB1920WSOB18380, 18381, 18382, 18383, 18384, 18385, 18386, 18387, 18388, 18389, 18390, 18396, 18398, 18399, 18400, 18401, 18402, 18404, 18406, 18407, 18409, 18411, 18414, 18416, 18418, 18421, 18424, 18427, 18430, 18435, 18440, 18445, 18447, 18449, 18451, 18453, 18455, 18456, 1845918460, 18462, 18463, 18465, 18467, 18469, 18471, 18474, 18476, 18477, 18478, 18479, 18480, 18481, 18482, 18483, 18485, 18487, 18491, 18493, 18495, 18496, 18497, 18498, 18499, 18501, 18502, 18504, 18505, 18508, 18510, 18511, 18513, 18515, 18516, 18517, 18519, 18521, 18537, 18538

राज. संवाद/सी/4915/2019-20 — आयुक्त, नगर परिषद, भीलवाड़ा

**कार्यालय नगर परिषद्, भीलवाड़ा (राज.)**

क्रमांकः नपभी/राजस्व/2019-20/20387-90 — दिनांकः 23.01.2020

**निविदा सूचना**

नगर परिषद भीलवाड़ा द्वारा हरणी महादेव मेला 2020 के लिए, सी.सी.टी.वी. कैमरा सिस्टम, माईक द्वारा प्रचार, हेतु निविदाएं दिनांक 05.02.2020 को आमंत्रित कि जाती है उक्त कार्यों के लिए धरोहर राशि की डी.डी./बैंकर्स चैक आयुक्त नगर परिषद भीलवाडा के नाम पर निविदा फार्म के साथ प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित निविदा फार्म शुल्क नगद/डी.डी. जमा कराकर दिनांक 05.02.2020 तक दोपहर 11.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। एवं उसी दिन 1:00 बजे तक निविदा जमा करानी होगी।

प्राप्त निविदा को दिनांक 05.02.2020 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सायंकाल 3.00 बजे खोली जाएगी। अन्य शर्तें कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से 01:00 तक प्राप्त व देखी जा सकती है। उक्त निविदा सूचना वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in व www.bhilwaranagarparishad.org पर देखी जा सकेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सी.सी. टीवी कैमरा सिस्टम का सम्पूर्ण कार्य | 1.00 | 2,000 रू. | 200 रू. |
| 02 | माईक द्वारा प्रचार प्रसार करने का कार्य | .20 | 500 रू. | 100 रू. |

**NIB CODE :** DLB1920A4952 **UBN CODE** - DLB1920SSOB18643, DLB1920SSOB18650

निविदा की सामान्य शर्तेः-

1. निविदा हेतु संवेदक द्वारा संलग्न की जाने वाली धरोहर राशि, निविदा शुल्क की डी.डी./बैंकर्स चैक निविदा विक्रय तिथि के आरम्भिक दिन से ही मान्य होगी। विक्रय दिनांक से पूर्व के दिन की डी.डी. मान्य नहीं होगी एवं निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जायेगी एवं उक्तानुसार डी.डी. कार्यालय में भौतिक रूप से जमा नहीं करने पर निविदा कॉपी स्वतः ही निरस्त मानी जायेगी। सशर्त निविदा अथवा पोस्ट द्वारा प्रेषित निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदा खोली जाएगी उपरोक्त निविदाओं को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सभापति/आयुक्त नगर परिषद भीलवाड़ा को होगा।
3. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र/पेन कार्ड लगाना अनिवार्य है।
4. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त नगर परिषद भीलवाडा को होगा।

राज. संवाद/सी/4900/2019-20 — आयुक्त, नगर परिषद, भीलवाड़ा